एक नजर में

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा की शुरूआत



इंदौर .प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा की शुरूवात हुई . सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से महात्मा गांधी जी की जयंती 02 अक्तूबर तक चलेगा . भाजपा जिला इंदौर द्वारा स्वच्छता अभियान और रक्तदान अभियान के साथ पखवाड़े की शुरूवात हुई . इंदौर जिले के सभी 16 मंडलों में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया . भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने बताया कि मंडलों में प्रमुख मंदिरों एवं स्थानों पर कार्यकर्ता नागरिकों के साथ सफाई अभियान चलाया . इंदौर ग्रामीण के कार्यकर्ता बिजासन मंदिर, देव गुराड़िया, चौबीस अवतार मंदिर, जानापाव, गंभीर नदी तट, नर्मदा - गंभीर लिंक परियोजना सहित अनेक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया . राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने महू के शासकीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया I कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया . विधायक उषा ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महू विधानसभा के ग्राम उमरिया में स्वच्छता अभियान चलाया . नागरिकों को प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प भी दिलाया गया . इस अवसर पर कंचनसिंह चौहान, सरदार मालवीय, सुभाष पाटीदार, किरण सूर्यवंशी, किरण चौहान, प्रेरणा यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे . सांवेर विधानसभा में मंत्री तुलसीराम सिलावट के मार्गदर्शन में उल्टे हनुमान मंदिर एवं देपालपुर विधानसभा में विधायक मनोज पटेल के मार्गदर्शन में चौबीस अवतार मंदिर में कार्यकर्ताओं ने अभियान चलाया . राऊ विधानसभा में विधायक मधु वर्मा के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं ने देव गुराड़िया मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया . इस अवसर पर पप्पी विजय पाटीदार, रामस्वरूप गहलोत, सुरेंद्र मंडले, शिवनारायण डींगू, किरण सूर्यवंशी, रामनरेश यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे .

## दादा आदिनाथ की भक्ति में डूबा फेडरेशन परिवार



इन्दौर . अ.भा .जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप फेडरेशन की 15वी राष्ट्रीय कांफ्रेंस शत्रुंजय महातीर्थ पालीताणा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन के नेतृत्व में सम्पन्न हुई . राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि आज हमें सामाजिक दायित्वों के निर्वहन हेतु सोश्यल ग्रुप्स होना आवश्यक है . बीकानेर के भजन सम्राट अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध गायक अजय सिंह की भक्ति निशा के साथ प्रारंभ हुई फेडरेशन की यह कांफ्रेंस इतिहास बना गई . देर रात तक प्रभु आदिनाथ की भक्ति से सरोबार जन समूह झूमता नजर आया . ध्वजारोहण समारोह कांति लाल, प्रकाश भटेवरा अरविंद कुमार अनिल भटेवरा परिवार द्वारा किया . उदघाटन सत्र में फेडरेशन के राष्ट्रीय संरक्षक दिलीप सी जैन, दिलीप सिसोदिया, राजेंद्र सुराणा, सहित फेडरेशन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र जैन, निवृतमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र संचेती, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पियूष जैन, राजेंद्र जैन, प्रकाश भटेवरा, ओर संजय नाहर उपस्थित थे . उद्घाटन सत्र में इंदौर के प्रेस्टीज उद्योग समूह के डिपीन जैन, धर्मनिष्ठ वरिष्ठ समाज सेवी दिनेश डोसी, उद्योगपति अतुल कांकरिया, मुम्बई के युवा बिल्डर नरेश लोढ़ा, सुनील गांग, सुनील डांगी एवं मनोज लोढ़ा उपस्थित हुए . अवॉर्ड समारोह में बेस्ट ग्रुप ऑफ इंडिया का अवॉर्ड पी एम परिवार को तथा बेस्ट प्रेसिडेंट का अवॉर्ड प्राइम ग्रुप के मनोज जैन को दिया गया . पालीताणा कांफ्रेंस में प्रकाश भटेवरा और जिनेश्वर जैन की युगलजोड़ी ने हर कदम पर कार्यक्रम संभाल रखा था, जिसमें नरेन्द्र संचेती और नरेंद्र भंडारी ने खूब साथ निभाया . कांफ्रेंस चेयरमैन अभय बाफना और को चेयरमैन प्रतीक डोसी और अजय सुराणा ने सभी व्यवस्थाओं की देखरख कर कीर्तिमान बनाया . महासचिव त्रय वीरेन्द्र नाहर, किरण सिरोलिया और अरिहंत जैन ने सभी कार्यक्रमों का समन्वय किया .

## नेशनल कार्डिओ प्रिवेंट कॉन्फ्रेंस 4 अक्टबूर से

इंदौर . विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 28त्न मौतें हृदय रोगों के कारण होती हैं I हाल के वर्षों में 30 से 40 वर्ष के युवाओं में हार्ट अटैक के मामलों में तेज़ी से वृद्धि हुई है . इसी गंभीर परिदृश्य को देखते हुए कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ़ इंडिया, इंदौर चैप्टर द्वारा 6वाँ कार्डियो प्रीवेन्ट नेशनल कॉन्फ्रेन्स 4 और 5 अक्टूबर को इंदौर में आयोजित किया जाएगा . यह जानकारी कार्डियो प्रीवेंट 2025 के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी एवं शहर के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ राकेश जैन ने दी . इस वर्ष का विषय रोड टू द हेल्दी हार्ट रखा गया है, जिसमें देश-विदेश के प्रमुख कार्डियोलॉजिस्ट, हेल्थ एक्सपर्ट और रिसर्चर शामिल होंगे . फिजिशियन एवं कॉन्फ्रेंस साइंटिफिक चेयरमैन डॉ . ए के पंचोलिया ने कहा कि इस कॉन्फ्रेन्स का उद्देश्य डॉक्टरों और आम जनता को यह संदेश देना है कि रोकथाम ही सबसे प्रभावी इलाज है . इंदौर में होने वाला यह आयोजन नए विचारों, रिसर्च और उपयोगी मार्गदर्शन के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा . कार्यक्रम के दौरान कई वैज्ञानिक सत्र और इंटरऐक्टिव वर्कशॉप्स रखे गए हैं, जिनमें हाइपरटेंशन, मोटापा, डायबिटीज, कार्डियक इमेजिंग जैसे अहम विषयों पर चर्चा की जाएगी . कांफ्रेंस के चेयरमेन डॉ . विद्युत जैन ने कहा कि यह आयोजन केवल डॉक्टरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश देगा कि संतुलित जीवनशैली, समय पर जांच और जागरूकता ही हृदय रोगों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है . डॉ . राकेश जैन ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में पब्लिक पार्टिसिपेशन को ध्यान के रखते हुए 5 अक्टूबर को सुबह आपके सवाल हमारे जवाब कार्यक्रम रखा है जिसमे जानता के पूछे गए हृदय रोग संबंधित सवालों के जवाब देश, विदेश से आये कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा दिए जाएँगे .

## पीएलएआई प्रीमियर लीग के विजेता पुरस्कृत




इंदौर . प्लायवुड एंड लेमिनेट व्यापारी एसो . ऑफ इंदौर के तत्वावधान में पहली बार आयोजित तीन दिवसीय ई-3 पीएलएआई प्रीमियर लीग का आयोजन बायपास रोड भिचौली मर्दाना, सहारा सिटी के सामने स्थित एलडब्ल्यू टर्फ पर दूधिया रोशनी के बीच संपन्न हुआ . शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हाय फाइव वारियर्स टीम ने पहला, गैलेक्सी मेराकी सुपर स्टार टीम ने दूसरा तथा वुड विश टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विजेता का गौरव हासिल किया . पुरस्कार वितरण ई-3 ग्रुप के डायरेक्टर अजय गर्ग के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, स्पर्धा में संस्था के 108 सदस्य फर्मों के 108 खिलाड़ियों ने 12 टीमों के माध्यम से भाग लिया और अपनी कारोबारी व्यस्तता के बावजूद गेंद और बल्ले पर अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया .एसोसिएशन द्वारा इसके पहले कभी भी इस तरह का क्रिकेट मैच नहीं आयोजित किया गया था .

## नव चेतना महिला मंडल का रंगारंग कार्यक्रम कल

इंदौर . नव चेतना महिला मंडल के तत्वावधान में पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में 19 सितम्बर को रवीन्द्र नाट्य गृह में ' ऐ दिल लाया है बहार, अपनों का प्यार ' शीर्षक कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन रखा गया है I सुबह 11 बजे से विभिन्न स्पर्धाओं का शुभारंभ होगा I शाम 7 बजे वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल, श्वेता-प्रवेश अग्रवाल सौम्या ग्रुप के मुख्य आतिथ्य में बच्चों, युवतियों और महिलाओं तथा युगलों के लिए विभिन्न स्पर्धाएं एवं तम्बोला सहित अनेक कार्यक्रम होंगे . महिला मंडल की अध्यक्ष शशि ऐरन, सुनीता पाटनी एवं नेहा अग्रवाल ने बताया कि सुबह 11 बजे फायर लेस कुकिंग, परात पर रंगोली बनाने, साबूदाने से ज्वेलरी बनाने एवं थ्री डी आर्ट जैसी दिलचस्प स्पर्धाएं युवतियों के लिए होगी .

# पूर्वजों के आशीष हमारे शुभ संकल्पों में लाते हैं दृढ़ता

### हंसदास मठ पर तर्पण एवं पितृ मोक्षदायी भागवत अनुष्ठान



**इंदौर.** कर्म किए बिना संसार का कोई जीव अपनी सदगति या दुर्गति प्राप्त नहीं कर सकता. कर्म ही पुरूषार्थ का प्रतीक है. हमें जीवन की अंतिम सांस तक कर्म करना पड़ता है. धर्मग्रंथ ही वह मार्ग दिखा सकते हैं जिस पर चलकर हम पाप और पुण्य में अंतर समझ सकते है. पाप और पुण्य हस्तांतरणीय नहीं है. पितृमोक्ष भागवत का सीधा सा संदेश यही है कि हम नर में नारायण के दर्शन का भाव बनाए रखें, क्योंकि पूर्वजों के शुभाशीष हमारे शुभ संकल्पों में दृढ़ता लाते हैं.

ये विचार हैं भागवताचार्य पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी के, जो उन्होंने एयरपोर्ट रोड स्थित हंसदास मठ पर श्रद्धा सुमन सेवा समिति की मेजबानी में चल रहे निशुल्क तर्पण अनुष्ठान और पितृ मोक्षदायी भागवत के दिव्य अनुष्ठान में उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. हंसदास मठ के महामंडलेश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज, महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु बिंदल के आतिथ्य में भगवान हरि विष्णु के पूजन के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ. अनुष्ठान में प्रतिदिन की तरह आज भी देश के लिए हुए शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियो, होल्कर राजवंश के शासकों एवं गोमाता के लिए भी तर्पण क्रिया की गई. प्रारंभ में समिति की ओर से मुख्य अतिथि विष्णु बिंदल के साथ अध्यक्ष हरि अग्रवाल, राजेन्द्र सोनी, राजेन्द्र गर्ग, मुरलीधर धामानी, हरिनारायण विजयवर्गीय, जवाहरलाल शर्मा, विनय जैन, हनुमानप्रसाद सारड़ीवाल, जगमोहन वर्मा, अनिल सांगोले आदि ने भगवान हरि विष्णु का पूजन कर आरती में भाग लिया. तर्पण में श्रीहंसदास मठ के संस्थापक साकेतवासी महंत श्रीरामरतनदास महाराज का पुण्य स्मरण किया गया. दोपहर में पितृ मोक्षदायी भागवत कथा में ठा. सूरजसिंह राठौड़, डॉ. चेतन सेठिया, ए.के. पुंडलिक, राजकुमारी मिश्रा, मंजू सोनी, शंकरलाल वर्मा, दिलीप साहू, डॉ. महेश गुप्ता, अशोक नामदेव, दिलीप पाल आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया. कथा प्रसंगानुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। कथा में गुरुवार को 2 से 5 बजे तक नंदोत्सव एवं गोवर्धन पूजा के उत्सव मनाए जाएंगे। कथा 20 सितम्बर तक जारी रहेगी.

**भगवान का अवतार प्राणी के उद्धार के लिए**

आचार्य पं . तिवारी ने भागवत में कहा कि सबकी दृष्टि में पाप-पुण्य की परिभाषा भिन्न हो सकती है लेकिन इसका फैसला तो परमात्मा की खाताबही से ही संभव है इसलिए जीवन में अपने कर्मो की बेलेंसशीट इस तरह बनाएं कि न तो पूर्वजों से प्रायश्चित की नौबत आए और न ही खुद अपनी आत्मा पर कोई बोझ पड़े . भगवान जन्म नहीं अवतार लेते हैं . उनका अवतार प्रकृति और प्राणीमात्र के उद्धार के लिए ही होता है . .

## हंसदास मठ पर श्रीमहंत रामरतनदास महाराज की तिथि पर श्राद्ध एवं तर्पण

**इंदौर.** एयरपोर्ट रोड, पीलिया खाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर बुधवार को ब्रह्मलीन श्रीमहंत रामरतनदास महाराज की तिथि पर तर्पण एवं श्राद्ध का शास्त्रोक्त आयोजन मठ के अधिष्ठाता श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य में किया गया.

महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन स्वामी रामरतनदास महाराज के आशीर्वाद से ही मठ के भव्य मंदिर का निमार्ण हुआ है. वर्ष 1993 में एकादशी एवं शुक्ल पक्ष, उत्तरायण सूर्य एवं पुष्य नक्षत्र जैसे दिन 98 वर्ष की आयु में उनका महाप्रयाण हुआ था. आज उनकी तिथि पर महंत रामबालक दास रामायणी, महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा, भागवताचार्य पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी, महामंडलेश्वर मंगलदास खाकी, महंत योगेश्वरदास, महंत प्रभुदास, महंत विजयरामदास, महंत यजत्रदास, तिलक बाबा, दिनेश दास एवं अमित दास सहित एक दर्जन से अधिक संतों और विद्वानों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित की. इस अवसर पर संतों के लिए भोजन सेवा एवं परंपरागत रस्में भी सम्पन्न की गई. हंसदास संस्कृत विद्यापीठ के बालकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से उनके प्रति तर्पण विधि संपन्न की. संतों-विद्वानों ने उनके सेवाकार्यों से जुड़े प्रेरक संस्मरण सुनाए. उन्होंने 10 वर्षों तक तिरुपति बालाजी में रहते हुए शास्त्रों का अध्ययन भी किया था.



## अग्रसेन महासभा के स्थापना दिवस पर सेवाभावी बंधुओं को दिए जाएंगे स्वर्ण अलंकरण

**इंदौर. श्री अग्रसेन महासभा का 37वां स्थापना दिवस समारोह 3 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा. इस मौके पर विनोद सिंघानिया पारमार्थिक ट्रस्ट के सौजन्य से शिक्षा, चिकित्सा या अन्य किसी क्षेत्र में विशिष्ट सेवाएं देने वाले एक अग्रवाल बंधु को 1 लाख 21 हजार रुपए के स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा.**

वहां सिंघानिया पारमार्थिक ट्रस्ट की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाएं देने वाले अग्रबंधु को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा. इस समारोह में महासभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल, सचिव राजेश मित्तल, कार्यक्रम सम्वयक अजय आलूवाले, अनूप सिंघल एवं विनोद सिंघानिया ने बताया कि उत्तराखंड से राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश बंसल, के मुख्य आतिथ्य एवं रायपुर छग से लोकसभा सदस्य तथा छग के पूर्व मंत्री ब्रजमोहन अग्रवाल और अ.भा. अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल मोर के विशिष्ट आतिथ्य में बायपास स्थित भंडारी रिसोर्ट पर शाम 7 बजे से यह कार्यक्रम आयोजित होगा. अलंकरण के लिए 25 सितम्बर तक समाजबंधुओं से प्रविष्ठियां आमंत्रित की गई है.

## साधना तभी सार्थक होगी, जब वासना नहीं होगी : पं . कौशल किशोर



**इंदौर.** भागवत तन के साथ मन से श्रवण करने की कथा है. मन को जगत के बजाय जगदीश में लगाएं. मन को माखन की तरह निर्मल एवं निर्दोष बना लेंगे तो भगवान खुद दौड़े चले आयेंगे. साधना-आराधना और उपासना तभी सार्थक होगी, जब उनमें वासना नहीं होगी. भागवत मौत को मोक्ष में बदलने की कालजयी चाबी है.

भगवान ने हमेशा बाल-ग्वालों से लेकर समाज के अंतिम छोर पर खड़े लोगों को गले लगाया. हम भी अपने आसपास के सुदामाओं को गले लगा लें तो द्वापर युग फिर लौट सकता है.

ये विचार हैं वृंदावन धाम डबरा के कथा भूषण आचार्य पं. कौशल किशोर शास्त्री के, जो उन्होंने नागर चित्तौड़ा महाजन वैश्य समाज की मेजबानी में श्राद्ध पक्ष में विश्वकर्मा नगर, अन्नपूर्णा क्षेत्र स्थित मांगलिक भवन पर गत 11 सितम्बर से चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में कृष्ण-सुदामा प्रसंग की व्याख्या एवं भागवत धर्म की महत्ता बताते हुए व्यक्त किए. कथा में कृष्ण-सुदामा मिलन का भावपूर्व उत्सव भी से मनाया गया. मुख्य रूप से गिरधर गुप्ता, अशोक गुप्ता एवं राजेश गुप्ता (देवास), दिनेश महाजन (उज्जैन), दुर्गेश महाजन (उदयनगर), शैलेन्द्र आगस्तय (सोनकच्छ) एवं श्रीमती अनिता-किशोर गुप्ता ने व्यासपीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी धर्मेन्द्र गुप्ता, सचिन हेतावल, पंकज गुप्ता, सुनील गुप्ता, दिलीप हेतावल तथा मातृशक्ति की ओर से श्रीमती कृष्णा गुप्ता, सुनीता गुप्ता एवं डिम्पल गुप्ता ने की. संयोजक राजेन्द्र महाजन एवं प्रहलाददास मेहता ने बताया कि गुरुवार को सुबह 8.30 बजे से यज्ञ-हवन एवं पूजा-अर्चना के साथ पूर्णाहुति होगी.

**प्रसन्न रहने का पुरूषार्थ**

पं . शास्त्री ने कहा कि दूसरों की संपत्ति देखकर खुश रहना भी हमें आना चाहिए . श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता इसलिए भी इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों में दर्ज है कि उनमें कोई स्वार्थ नहीं था . भागवत धर्म बहुत व्यापक है . हमें सात पीढियों के भरण-पोषण का धन वैभव भी मिल जाए तो संतुष्टि नहीं होती . भागवत का पहला सूत्र यही है कि बहुत कम समय के जीवन में हम संतुष्ट और प्रसन्न रहने का पुरूषार्थ करें .

# चिमनबाग मैदान पर सजेगा अग्रसेन दरबार, बनेगी भोजनशाला




**इंदौर.** श्री अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के तत्वावधान में सोमवार, 22 सितम्बर को शाम 5 बजे राजबाड़ा चौक से जेलरोड स्थित चिमनबाग मैदान तक पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाले जाने वाले जुलूस की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है. बुधवार रात्रि को होटल अप्सरा में शहर के प्रमुख अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक में केन्द्रीय समिति के संरक्षक विनोद अग्रवाल एवं अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल के मार्गदर्शन में विभिन्न समितियों के प्रभारियों ने जुलूस की तैयारियों पर की गई व्यवस्थाओं पर विचार-मंथन कर उन्हें अंतिम रूप दिया.

मुख्य प्रभारी गणेश गोयल ने सभी समाजबंधुओं एवं संगठनों से आग्रह किया कि वे पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के जयंती महोत्सव पर सभी कार्यक्रम इस ढंग से तय करें कि 22 सितम्बर की शाम को शहरभर के समाजबंधु केन्द्रीय समिति के जुलूस में शामिल हो सकें. चिमनबाग मैदान पर महाराजा अग्रसेन का दरबार भी सजेगा और कुलदेवी महालक्ष्मी की महाआरती भी होगी. भगवान श्रीनाथ को छप्पन भोग भी समर्पित किए जाएंगे. बैठक में निमंत्रण व्यवस्था प्रभारी संतोष गोयल ने बताया कि अग्रवाल बाहुल्य सभी क्षेत्रों में घर-घर पीले चांवल सहित निमंत्रण वितरण का काम शुरू हो गया है. अब तक 15 हजार परिवारों तक निमंत्रण पहुंच चुके हैं. राजबाड़ा चौक पर मंच व्यवस्था के प्रभारी अरविंद बागड़ी, कुलभूषण मित्तल एवं गोविंद सिंघल ने बताया कि राजबाड़ा पर बड़ा मंच बनाया जा रहा है. यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं. शोभायात्रा प्रभारी गोविंद सिंघल ने भी जुलूस के दौरान होने वाली विभिन्न स्पर्धाओं तथा उनके संचालन संबंधी जानकारियां दीं. किशोर गोयल, राम ऐरन व विष्णु बिंदल ने वित्तीय व्यवस्थाओं पर जानकारियां दीं. भोजन व्यवस्था के प्रभारी राजेश बंसल, महेश मित्तल एवं अरविंद बागड़ी ने बताया कि चिमनबाग मैदान पर करीब 15 हजार समाजबंधुओं के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी. मुख्य प्रभारी गणेश गोयल ने बताया कि गुरूवार को सुबह 11.30 बजे महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं क्षेत्र के विधायक गोलू शुक्ला तथा नगर निगम के अन्य अधिकारी चिमनबाग मैदान स्थित सामाजिक सम्मेलन स्थल की तैयारियों का अवलोकन करेंगे.

**सभी अग्रवाल परिवारों की हो भागीदारी**

बैठक को केन्द्रीय समिति के महामंत्री पवन सिंघानिया मोयरा ने भी संबोधित किया और कहा कि इंदौर की शान के अनुरूप पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के जयंती महोत्सव में शहर के सभी अग्रवाल परिवारों और समाजबंधुओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी होना चाहिए, उपाध्यक्ष टीकमचंद गर्ग एवं रमेश मित्तल मेडिकैप्स, संयोजक जगदीश गोयल बाबाश्री एवं कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल मोमबत्ती ने भी जुलूस को प्रभावी एवं अनुशासित बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए . संचालन गणेश गोयल ने किया और आभार माना पी .डी . अग्रवाल ( महूवाले ) ने .

## पहली बार कल हाई-वे क्षेत्र में निकलेगी महाराजा अग्रसेन की अभिमंत्रित ध्वजा की यात्रा

**इंदौर.** अग्रवाल समाज हाई-वे क्षेत्र पालदा के तत्वावधान में क्षेत्र की 26 कालोनियों के 500 से अधिक परिवारों को 19 सितम्बर को निकलने वाली अग्रसेन ध्वजा यात्रा का घर-घर निमंत्रण देने का अभियान पूरा हो गया है. यात्रा शुक्रवार को सुबह 7.30 बजे संस्कृति पॉम से प्रारंभ होगी. प्रभातफेरी में ध्वजा के साथ महाराजा अग्रसेन का रथ भी शामिल रहेगा. बुधवार को संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने पीले चांवल सहित समाजबंधुओं को घर-घर जाकर निमंत्रण दिए.

संस्था के प्रमुख अरविंद बागड़ी ने बताया कि इस अवसर पर यात्रा संयोजक मनीष अग्रवाल मन्नू, सुनील गोयल, शीतल तोड़ीवाला, विकास मित्तल, निधि बागड़ी, ज्योति अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, मुकेश मंगल, सतीश गोयल, दिलीप नरेड़ी, मोहन गर्ग एवं दिलीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के समाजबंधु उपस्थित थे. रथयात्रा संस्कृति पॉम से प्रारंभ होकर , त्रिशिया विक्ट्री होते हुए वरुण विक्ट्री पर पहुंचेगी. यात्रा में शामिल पुरुष श्वेत कुर्ता-पायजामा एवं महिलाएं केशरिया अथवा पीली साड़ी और सूट के परिधान में रहेंगे. पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की अग्रोहा से बुलवाई गई अभिमंत्रित ध्वजा के दर्शन का शहर में यह पहला अवसर होगा.





## झांकी व मंडल स्पर्धा के निर्णय घोषित

**इंदौर. दिगंबर जैन समाज, सामाजिक संसद दस लक्षण पर्व के पावन अवसर पर धूप - दशमी के दिन शहर के विभिन्न मंदिरों में निर्मित झांकी व मंडल जी प्रतियोगिता आयोजित करता है. इसके परिणाम घोषित किए गए.**

राजकुमार पाटोदी एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया 29 जिनालयों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया. सामाजिक संसद द्वारा गठित टीम के संयोजक थे, सुभाष सेठिया एवं निर्णायक टीम के सदस्य थे कुशलराज जैन पम पम, पं. भरत शास्त्री, अंकिता जैन, संजय जैन मैग्नस. इन्होंने सभी जिनालयों में जाकर बहुत ही बारीकी से झांकियों और मंडल जी को देखा और संयुक्त रूप से निर्णय दिया. झांकी प्रतियोगिता में प्रथम श्री 1008 पद्म प्रभु दि. जैन मंदिर वैभव नगर, द्वितीय दि. जैन पंचायती मंदिर छावनी और तृतीय पंच बालयती मंदिर विजय नगर रहा. मंडल जी प्रतियोगिता में प्रथम पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर गोयल नगर, द्वितीय परदेशीपुरा जैन समाज उपसर्ग विजेता सोशल ग्रुप, एवं श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर गोकुल नगर द्वितीय तथा दिगंबर जैन लश्करी मंदिर एवं नेमिनगर जैन कॉलोनी तृतीय रहे. समाज के महामंत्री सुशील पांड्या ने बताया कि शीघ्र ही उचित समय पर इन्हें पुरस्कृत किया जाएगा. समाज श्रेष्ठी पुष्पा कासलीवाल, एमके जैन, मनोहर झांझरी, प्रिंस पाल टोंग्या, राजेंद्र सोनी, राकेश विनायका, प्रदीप चौधरी, संजय पापड़ीवाल, रितेश पाटनी ने सभी विजेताओं को बधाई प्रेषित की.

एक नजर में | स्टेट प्रेस क्लब के रूबरू कार्यक्रम में महाराज का यादगार सत्र

## वैज्ञानिक आधार वाली हैं हमारी प्राचीन परंपराएं : वसन्त विजय




**इंदौर.** संतों को वाणी पर संयम रखते हुए दूसरे संतों की निंदा से बचना चाहिए. उन्हें आदर्श मानने वाले और उनको फॉलो करने वाले लोगों की संख्या बहुत बड़ी होती है जो देखते हैं कि हमारे महाराज वही कार्य कर रहे हैं जो करने से वे दूसरों को रोकते है.

ये बात वसंत विजयानन्द गिरी महाराज ने स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित रूबरू कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही. वसन्त विजय महाराज ने कहा कि अनेक भारतीय प्राचीन परंपराएं आज वैज्ञानिक शोध के पश्चात विज्ञान सम्मत साबित हो रही हैं. जैसे घर के पीछे कोयला बांधना, मंदिर में नहाकर जाना, आदि के फायदे अब वैज्ञानिक भी मानने लगे हैं. महाराजश्री ने अपने द्वारा किए बताए जाने वाले उपायों को भी काल गणना, राशि सिद्धांत, वास्तु, रत्न विज्ञान, होरालॉजी, साईनोलॉजी आदि के शोध के उपरांत विद्युद्धत: कल्याणार्थ बताया. उन्होंने कहा कि हम विराट प्रकृति का बेहद सूक्ष्म अंश हैं तथा हमें प्रयास करना चाहिए कि हम शक्तिशाली प्राकृतिक शक्ति से सर्वाधिक सहयोग लेना चाहिए. कार्यक्रम के प्रथम चरण में स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल ने पूज्य महाराजश्री एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों ललित शर्मा, संकेश जैन, रीतेश जैन, हर्ष मेहता, धर्मेंद्र चौधरी आदि का सम्मान किया. संचालन आलोक बाजपेयी ने किया. दीपक माहेश्वरी, रवि चावला एवं घनश्याम वैष्णव ने महाराजश्री को स्मृति चिन्ह प्रदान किए जबकि कुमार लाहोटी ने उन्हें कैरीकेचर भेंट किया.आभार प्रदर्शन मुख्य महासचिव नवनीत शुक्ला ने किया.

अच्छे जीवन के लिए व्यस्थित जीवन चर्या ज़रूरी - एक सवाल के जवाब में महाराजश्री ने कहा कि अनावश्यक दिन रात लक्ष्यहीन दौड़ते रहना ठीक नहीं। अंतिम श्वास पर अहसास होता है कि जिनके लिए जीवन भर खटते रहे, उन्हें हमारा ध्यान ही नहीं था . सुखी जीवन के लिए लाइफ़ स्टाइल को बिगड़ने न देना अनिवार्य है . रात ग्यारह बजे से सुबह छह बजे तक सोने से ही काफी समस्याएं दूर हो जाएंगी . खुद की खुद के प्रति स्वीकृति हमारी उलझनों को कम करेगी .

**सिद्धांतों की विकृति है सनातन के सामने चुनौती**

वसंत विजयानन्द गिरी महाराज ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में हमारे प्राचीन सिद्धातों, त्यौहारों इत्यादि का उपहास उड़ाना आज के युग का दुखद पहलू है . लोग बिना अर्थ जाने अपने बच्चों के जिगर, श्लेष्मा आदि की तरह विचित्र नाम रखने लगे हैं, जबकि श्लेष्मा इकलौता अर्थ है नाक से निकलने वाला पानी . कई दिनों तक एक ही जींस पैंट पहने रहने की युवाओं की प्रवृति को भी उन्होंने दैवीय चुम्बकीय शक्ति से ऊर्जा प्राप्त करने से रोकने वाला बताया . लेकिन उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि सनातन पर हर युग में हमले होते रहे हैं और सनातन धर्म वट वृक्ष की तरह अविचल रहा है .